हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

11 हनुमान जी शक्ति एवं भक्ति के प्रतीक हैं : अजय



12 हनुमंत धाम रूद्री में आस्था का महासागर



विगत 9 वर्षों से संचालित
सिद्धि विनायक बच्चों का अस्पताल
अम्बेडकर चौक, रूद्री रोड, धमतरी मो. 99813-21524/72230-11528
नवजात शिशु विभाग
◆ आधुनिक एनआईसीयू ◆ पांच कृत्रिम श्वास मशीनें (वेंटिलेटर की सुविधा)
◆ आपके नवजात शिशु की बीमारियों का विशेष देखभाल ◆ सभी टीकाकरण प्रतिदिन
"विश्वास के साथ चिकित्सा का वादा"
बच्चों का विभाग :: ◆ ऑक्सीजन युक्त जनरल वार्ड ◆ आधुनिक आईसीयू ◆ बच्चों में होने वाली बीमारियों का विशेष देखभाल

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़


## खबर संक्षेप

### झिरिया धोबी समाज की बैठक 5 को

**धमतरी।** झिरिया धोबी समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक 5 अप्रैल को ग्राम अछोटी में रखी गई है। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर ने पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है।

### रोजगार मेला अब 15 को 200 पदों पर होगी भर्ती

**धमतरी।** जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अब 15 अप्रैल को लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज ने बताया कि पूर्व में यह रोजगार मेला 10 अप्रैल को आयोजित होना था, जिसमें संशोधन किया गया है। अब यह रोजगार मेला 15 अप्रैल को होगा।

### थूहा में सामाजिक चिंतन कार्यक्रम 5 को

**सिर्री।** गुरु घासीदास आश्रम थूहा बंगोली में 5 अप्रैल रविवार को सुबह 11 बजे से सामाजिक चिंतन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। हमारी जमीन और हमारा समाज तथा शासन-प्रशासन और हमारा प्रतिनिधित्व विषयों पर दो सत्र में व्याख्यानमाला आयोजित है। व्याख्यान माला में हिस्सा लेने वाले नामांकित वक्तागण सुबह 11 बजे अपना पंजीयन कर लेंगे। स्वतंत्रता संग्राम 2018 आजादी के आंदोलन के सूत्रधार पंडित शंकर दादा और संयोजकगण बसंत ध्रुव, रूपेंद्र बघेल, डॉ देवचरण साहू, डॉ. रमेश भतपहरी, भुनेश्वर साहू, समारू सिन्हा, कामता साहू और कौशल साहू ने सामाजिक कार्यकर्ताओं, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

### सट्टा खिलाने वाला खाईवाल गिरफ्तार



**धमतरी।** बनियापारा में सट्टा खिलाने वाले खाईवाल को कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पेट्रोलिंग पर निकली कोतवाली पुलिस को मुखबिर से बनियापारा में एक युवक द्वारा सट्टा नामक जुआ खिलाने की सूचना मिली। सूचना पर पेट्रोलिंग टीम ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर घेराबंदी की। इस दौरान दिनेश ढीमर उर्फ चीकू पिता लक्ष्मीनारायण उम्र 40 वार्ड बनियापारा धमतरी निवासी लोगों से पैसे लेकर अवैध रूप से दांव लगवाते व सट्टापट्टी लिखते रंगेहाथ पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1000 रूपये नकद व तीन नग सट्टा-पट्टी जब्त की। पुलिस आरोपी को पकड़कर कोतवाली ले गई। छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6-क के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी दिनेश ढीमर उर्फ चीकू को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

- कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

# श्यामतराई में लघु उद्योग के नाम पर आरक्षित जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लघु उद्योग के नाम पर गोठान, चारागाह, श्मशान घाट के लिए आरक्षित जमीन पर कब्जा करने की शिकायत ग्राम पंचायत श्यामतराई ने की है।

श्यामतराई सरपंच डोगेश्वरी साहू, उपसरपंच, पंच श्रीमती साधना साहू, भानबाई आदि ने कलेक्टर को शिकायत आवेदन में कहा है कि ग्राम श्यामतराई स्थित खसरा क्रमांक-825/1 रकबा 8.83 हेक्टयेर में से 3.618 हेक्टेयर पर औद्योगिक लघु वनोपज प्रसंस्करण के लिए सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा कार्य प्रस्तावित है। शेष जमीन चारागाह, मुक्तिधाम, मणिकंचन केन्द्र शासकीय शौचालय तथा हाईस्कूल के लिए आरक्षित है।

आवेदन में आगे कहा है कि पूर्व में लघु वनोपज औद्योगिक प्रसंस्करण निर्माण पंचायत एवं ग्रामवासियों की आपत्ति पर तत्कालीन कलेक्टर ने औद्योगिक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामीणों के बीच समझौता कराया और गोठान के लिए तार घेरा करवाया। अब गोठान आदि के लिए आरक्षित जमीन पर लघु उद्योग के नाम पर कब्जा किया जा रहा है। पंचायत ने गोठान, श्मशान घाट, चारागाह के लिए आरक्षित जमीन पर औद्योगिक निर्माण कार्य को रोकने की मांग कलेक्टर से की है।

## पंचायत पदाधिकारियों समेत ग्रामीणों ने कलेक्टर से की रोक लगाने की मांग



### हल्का पटवारी को हटाने दिया आवेदन

ग्राम विकास समिति श्यामतराई ने हल्का पटवारी की शिकायत करते हुए कहा कि पटवारी किसानों के छोटे-छोटे काम, आय जाति प्रमाण पत्र का काम समय पर नहीं करता है। नामांतरण, फौती उठाने के लिए 5 से 6 हजार रूपये लेता है। पंचायत में समय पर नहीं रहता है। पंचायत पदाधिकारी, ग्राम पटेल, विकास समिति के पदाधिकारियों की बात नहीं मानता है। खसरा नंबर 184, 185/3, 301, 638/3, 399, 394 विवादित है। जिस पर ग्राम पंचायत के जानकारी के बिना कोई कार्य नहीं करने की जानकारी पटवारी को दी गई थी, उसके बाद भी पटवारी ने अपनी आईडी से विवादित खसरा में नाम जोड़ने काटने का काम किया है जो गलत है। पटवारी की कार्यप्रणाली को देखते हुए ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों की संयुक्त मीटिंग रखी गई, जिसमें पटवारी को हटाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में पटवारी को शीघ्र हटाने की मांग की है।

## करदाताओं के लिए डिजिटल डोर नंबर और ऑनलाइन यूपीआई भुगतान की व्यवस्था

# बड़ी राहत : 30 अप्रैल तक टैक्स जमा करने पर नहीं देना होगा 17 प्रतिशत अतिरिक्त अधिभार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम ने करदाताओं को बड़ी राहत देते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी है। अब इस अवधि तक टैक्स जमा करने पर 17 प्रतिशत अतिरिक्त अधिभार नहीं देना होगा, जिससे हजारों करदाताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

निगम प्रशासन के अनुसार कई करदाता निर्धारित समय सीमा तक टैक्स जमा नहीं कर पाए थे, जिसे देखते हुए शासन के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। अब करदाता बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपने बकाया कर का भुगतान आसानी से कर सकते हैं।



निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने राजस्व विभाग की बैठक लेकर अधिकारियों को 30 अप्रैल तक 100 प्रतिशत टैक्स वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वसूली में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। कुछ कर्मचारियों के अपेक्षित प्रगति न होने पर उनके वेतन रोकने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि बकाया टैक्स वसूली के लिए शहर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, यूजर चार्ज और शिक्षा उपकर जैसे सभी कर इस अभियान के तहत वसूले जाएंगे। साथ ही, टैक्स जमा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

करदाताओं की सुविधा के लिए निगम ने डिजिटल डोर नंबर और ऑनलाइन यूपीआई भुगतान की व्यवस्था भी लागू की है, जिससे लोग घर बैठे ही आसानी से टैक्स जमा कर सकते हैं। इसके अलावा अवकाश के दिनों में भी राजस्व विभाग के कार्यालय खुले रखे गए हैं और कर्मचारी घर-घर जाकर वसूली अभियान चला रहे हैं।

निगम प्रशासन ने सभी करदाताओं से अपील की है कि इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय सीमा के भीतर टैक्स जमा करें और अतिरिक्त शुल्क से बचें। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के टैक्स की वसूली भी शुरू कर दी गई है।

# सेमरा मोड़ के पास पलटी कार में लगी आग

- हादसे के 6 घंटे बाद खाक हुआ वाहन
- हादसे के वक्त बच्चे समेत 4 लोग थे सवार, सुरक्षित निकले बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भखारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरा मोड़ के पास गुरुवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया। पुराना धमतरी-रायपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। घटना के करीब 6 घंटे बाद पलटी हुई कार में अचानक भीषण आग लग गई, जिससे वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस घटना को लेकर क्षेत्र में घंटों तक सस्पेंस बना रहा, क्योंकि हादसे के बाद कार सवार मौके से गायब थे और थाने में कोई सूचना नहीं दी गई।



जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर लगभग 3 बजे कार क्रमांक सीजी 05 आर 4175 धमतरी से रायपुर की ओर जा रही थी तभी सेमरा मोड़ के पास चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे जा पलटी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के वक्त कार में कुछ युवक सवार थे। ताज्जुब की बात यह रही कि दोपहर के हादसे के बाद कार वहीं पड़ी रही, लेकिन शाम को अचानक उसमें आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में कार लोहे के ढांचे में तब्दील हो गई।

कार के नंबर की जांच करने पर पता चला कि यह नगरी निवासी प्रकाश नागवंशी की है। इस मामले में लंबे समय तक चुप्पी के बाद आखिरकार कार मालिक ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को वे भखारा के पास एक गांव गए हुए थे। हादसे के वक्त कार में एक बच्चे सहित कुल चार लोग मौजूद थे।

### बिना शिकायत उठ रहे सवाल

कार के पूरी तरह जल जाने और घंटों तक थाने में शिकायत न पहुंचने को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। क्या कार में आग तकनीकी खराबी से लगी या इसके पीछे कोई और वजह है। यह अब भी जांच का विषय है। भखारा पुलिस का कहना है कि अब तक कोई भी लिखित शिकायत लेकर सामने नहीं आया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही आग लगने के कारणों और हादसे की आधिकारिक पुष्टि की जा सकेगी।

### हम सभी सुरक्षित थे, सिर्फ हल्की चोटें आई थीं

दोपहर करीब 3 बजे कार अनियंत्रित होकर पलटी थी। हम सभी सुरक्षित थे, सिर्फ हल्की चोटें आई थीं, इसलिए हम वहां से निकल गए। रात को जब वापस पहुंचे तो देखा कि कार जल चुकी है। आग कैसे लगी, इसकी जानकारी हमें नहीं है। फिलहाल शहर से बाहर होने के कारण थाने में सूचना नहीं दी गई है, लौटते ही रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

\- **प्रकाश नागवंशी**, *कार मालिक*

# नई टंकियों से 15 वार्डों को मिलेगा भरपूर साफ पानी

- पेयजल संकट से निपटने निगम का मास्टर प्लान तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम ने शहर की पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़े स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित नई ओवरहेड टंकियों की टेस्टिंग सफलतापूर्वक की जा चुकी है, जिससे आने वाले दिनों में शहर के लगभग 15 वार्डों में नियमित और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति होगी।

निगम द्वारा गोकुलपुर, सुभाषनगर और अधारी नवागांव क्षेत्र में करीब 12.50 करोड़ रुपए की लागत से तीन आधुनिक पानी टंकियों का निर्माण कराया गया है। इन टंकियों को चरणबद्ध तरीके से पाइपलाइन से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि शहरवासियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।



भागीरथी नलजल योजना के तहत लगभग 18 हजार घरों में निःशुल्क नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। गंगरेल जलाशय से लाए गए पानी को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में शुद्ध कर इन टंकियों के माध्यम से सप्लाई किया जाएगा, जिससे नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल मिलेगा। नगर निगम द्वारा जल आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए पाइपलाइन का विस्तार और सुधार का कार्य भी निरंतर जारी है। शहर में 34 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन पाइपलाइन और 165 किलोमीटर से अधिक वितरण पाइपलाइन का जाल बिछाया जा चुका है, जिससे जल आपूर्ति का दायरा व्यापक हुआ है। निगम प्रशासन के अनुसार, नई टंकियों को पुराने और नए नेटवर्क से जोड़ने का कार्य अंतिम चरण में है। महापौर रामू रोहरा ने विश्वास जताया है कि अगले कुछ दिनों में सभी टंकियां पूर्ण रूप से चालू कर दी जाएंगी, जिससे पेयजल समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि जहां आवश्यकता होगी, वहां टैंकरों के माध्यम से अस्थायी जल आपूर्ति जारी रखी जाएगी, ताकि किसी भी वार्ड में पानी की कमी न हो। निगम की इस सक्रिय पहल से यह स्पष्ट है कि शहरवासियों को गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत से राहत दिलाने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# निर्माणी श्रमिकों को नवीन आवास खरीदने मिलेंगे 1.50 लाख रुपए

- भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण मंडल ने अधिसूचना जारी की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों के लिए खुशखबरी है। आवासहीन श्रमिकों को आवास खरीदने के लिए सरकार 1.50 लाख रुपए देगी। यह योजना 1 अप्रैल 2026 से लागू हो गई है। जिले में लगभग सवा लाख लोग छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिक हैं।

प्रदेश में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के तहत पंजीकृत श्रमिकों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और आर्थिक सहायता से जुड़ी 30 से अधिक योजनाएं संचालित हैं। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 18 से 21 वर्ष की अविवाहित बेटियों के लिए 20 हजार रुपए, मिनीमाता महतारी जतन योजना में महिला श्रमिक या पत्नी के लिए 20 हजार रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में बच्चों के शिक्षा के लिए 1 हजार से 10 हजार रुपए, मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना में सामान्य मृत्यु पर 1 लाख तथा दुर्घटना पर 5 लाख रुपये, निःशुल्क कोचिंग सहायता, विवाह सहायता योजना, औजार सहायता सहित अनेक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना में आंशिक संशोधन किया गया है।



छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने अधिसूचना जारी की है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण एवं नवीन आवास खरीदने के लिए पात्र हितग्रहियों को 1 लाख रूपये दिया जाता था, अब इसके स्थान पर पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण के लिए 1.50 लाख रूपये दो किस्त में दिये जायेंगे। स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण के लिए आवेदन स्वीकृति उपरांत प्रथम किस्त 75 हजार तथा आवास पूर्ण होने पर भौतिक सत्यापन के बाद 75 हजार दिया जाएगा। निर्माण श्रमिक द्वारा नवीन आवास खरीदने के लिए 1.50 लाख रुपए एकमुश्त राशि भौतिक सत्यापन पर दी जाएगी।

### श्रमेव जयते पोर्टल में पंजीयन कराएं

निर्माणी श्रमिक कार्ड बनवाने के लिए श्रमेव जयते पोर्टल के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं या निकटतम च्वाईस सेंटर, लोकसेवा केंद्र में पंजीयन करा सकते हैं। इसमें उम्र 18 से 60 वर्ष तथा एक साल में 90 दिनों के निर्माण कार्य का अनुभव जरूरी है।

## मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत, टेस्ट के लिए भटकना नहीं पड़ेगा

# जिला अस्पताल की हमर लैब का संचालन निजी संस्था करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल में स्थित हमर लैब का संचालन बहुत जल्द निजी संस्था द्वारा की जाएगी। इसी के साथ बंद पड़ी मशीन के एक्टिव हो जाने से मरीजों को कई प्रकार के हार्मोनल व अन्य टेस्ट के लिए निजी लैब में भटकना नहीं पड़ेगा।

प्रदेश भर के जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में स्थित हमर लैब की दशा सुधारने राज्य शासन बड़ा कदम उठा रहा है। हमर लैब के संचालन के लिए केरल की निजी संस्था एचएलएल लाइफ केयर लिमिटेड के साथ समझौता किया जा चुका है। इसी के साथ प्रदेशभर की हमर लैब के संचालन की जिम्मेदारी एचएलएल कंपनी को सौंपने की तैयारी चल रही है। निजी संस्था द्वारा हमर लैब के संचालन से महंगी जांच से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। इस समझौते में धमतरी जिला भी शामिल है। जिला अस्पताल की हमर लैब के साथ जिले के सीएचसी और पीएचसी की लैब में नई सुविधाएं बढ़ेंगी। राज्य सरकार द्वारा इसे अटल आरोग्य लैब का नाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि इससे जिला अस्पताल में 134, सीएचसी में 97 और पीएचसी में 64 प्रकार के टेस्ट की सुविधा मिलेगी। राज्य सरकार से समझौते के बाद एचएलएल कंपनी के कर्मचारी बीते दिनों दो बार जिला अस्पताल के हमर लैब का निरीक्षण कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने लैब की मशीनों की स्थिति देखी।





### बंद पड़ी हैं मशीनें

जिला अस्पताल की हमर लैब में सीबीसी, हार्मोनल एनलाइजर, फूल्ली बायो केमेस्ट्री एनलाइजर और ईएसआर की मशीनें बंद पड़ी हैं जिसके कारण टी-3, टी-4, टीएसएच, थायरायड टेस्ट, बी-12, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम एफटी-3, एफटी-4, क्लोरेक्टीन सीए 125/कैंसर जांच, विटामिन डी-3, आरएफटी, एलएफटी, एचबीए-1 जैसी महत्वपूर्ण जांच बंद है।

### रिजनल सेंटर बनाने का प्रस्ताव

पैथालाजी प्रभारी डा. आदित्य सिन्हा ने मीडिया को बताया कि एचएलएल कंपनी द्वारा राज्य स्तर पर समझौता हुआ है। कंपनी बंद पड़ी मशीनों को शुरू करेगी। वहीं खराब मशीनों को रिप्लेस किया जाएगा। सभी प्रकार की जांच की सुविधा मरीजों को न्यूनतम दर पर उपलब्ध होगी। नए सीएचसी में सामान पहुंचना भी शुरु हो गया है। धमतरी को रिजनल सेंटर बनाने का प्रस्ताव है।

मार्च के आखिरी सप्ताह में प्रस्तावित थी राहुल और खरगे की बड़ी सभा

# मनरेगा बचाओ संग्राम रैली पर ब्रेक अब अप्रैल में शक्ति प्रदर्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

छत्तीसगढ़ की हाई-प्रोफाइल सीटों में शुमार कुरूद में होने वाली कांग्रेस की बहुप्रचारित मनरेगा बचाओ संग्राम रैली फिलहाल टल गई है। जिस जंगी सभा के लिए 25 मार्च की तारीख तय थी, उसे अब अप्रैल तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। दिल्ली के व्यस्त सियासी समीकरणों और अंतरराष्ट्रीय हलचलों ने फिलहाल कुरूद के इस बड़े पावर शो की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार शीर्ष नेतृत्व का शेड्यूल तीन बड़े मोर्चों पर उलझा हुआ है। पहला, पांच राज्यों में जारी विधानसभा चुनावों में केंद्रीय नेताओं की सघन व्यस्तता। दूसरा, दिल्ली में चल रहा संसद का महत्वपूर्ण सत्र और तीसरा, मिडिल ईस्ट (मध्य-पूर्व) में जारी तनाव, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिकताओं को बदल दिया है। इन कारणों से राहुल गांधी और अन्य दिग्गजों का छत्तीसगढ़ दौरा फिलहाल संभव नहीं हो सका।




### क्या कहते हैं जिम्मेदार

जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय स्तर की व्यस्तताओं और संसद सत्र की गरिमा के कारण कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का जोश कम नहीं हुआ है और शीर्ष नेतृत्व से समन्वय के बाद जल्द ही नई तिथि घोषित की जाएगी।

### मनरेगा के जरिए केंद्र की घेराबंदी

कांग्रेस इस रैली के माध्यम से केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ बड़ा मोर्चा खोलने की रणनीति बना रही है। पार्टी का सीधा आरोप है कि केंद्र सरकार बजट में कटौती और नियमों में बदलाव कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मनरेगा को कमजोर कर रही है। कुरूद को इस सभा के लिए चुनने का मुख्य कारण यहां का मजबूत किसान और ग्रामीण वोट बैंक है, जिनके लिए मनरेगा एक बड़ी लाइफलाइन है।

### ग्राउंड पर तैयारी, पर नेतृत्व का इंतजार

रैली को लेकर उत्साह का आलम यह था कि फरवरी में ही प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने अपनी टीम के साथ कुरूद पहुंचकर संभावित सभा स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया था। स्थानीय कार्यकर्ता 25 मार्च को एक ऐतिहासिक जमावड़े की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन अब उन्हें अप्रैल की तपिश के बीच नई तारीख का इंतजार करना होगा।

### सियासी मायने और विपक्ष के तंज

राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि कुरूद का चयन कोई इत्तेफाक नहीं, बल्कि राहुल गांधी को सीधे ग्राउंड से जोड़ने की एक सोची-समझी कोशिश है। हालांकि, ऐन वक्त पर रैली टलने से स्थानीय सियासत गरमा गई है। जहां कांग्रेस इसे तकनीकी कारणों से टलना बता रही है, वहीं विपक्षी खेमा इसे कांग्रेस की ढुलमुल रणनीति करार देकर तंज कसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा है। अब देखना होगा कि अप्रैल में होने वाली यह सभा छत्तीसगढ़ की राजनीति में क्या नया मोड़ लाती है।

## चर्रा के गहरीन तालाब पार में विकास की नई पहल



■ वट वृक्ष चबूतरा व महानदी घाट निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

हनुमान प्राकट्य दिवस के अवसर पर चर्रा गांव में धार्मिक आस्था के साथ विकास कार्यों की दिशा में अहम पहल की गई। गहरीन तालाब पार क्षेत्र में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने वट वृक्ष के चारों ओर पक्का चबूतरा निर्माण, महानदी घाट के विकास तथा ब्रह्मा, विष्णु, महेश त्रिमूर्ति स्थापना का संकल्प लिया। इस दौरान पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती कमलेश्वरी ध्रुव, उपसरपंच श्रीमती ललिता यादव, पंच शैलेन्द्र बैस, जनपद सदस्य चित्रलेखा परीक्षित ध्रुव सहित कृपाराम यादव, श्रीमती उपमा यादव, श्रीमती धन्नो यादव, श्रीमती उर्वशी साहू, भागी बैस सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पंडित नूतन तिवारी के सानिध्य में पूरे विधि-विधान से कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। प्रस्तावित निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र को एक व्यवस्थित धार्मिक स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि इससे न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि महानदी तट पर पर्यटन की संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

## खबर संक्षेप



### पंचमुखी हनुमान मंदिर में हुई पूजा-अर्चना

**मगरलोड।** ग्राम डाभा में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बाजार चौक में स्थापित पंचमुखी हनुमान मंदिर में युवाओं ने पूजा पाठ, वैदिक मंत्रोचार के साथ हवन पूजन किया। भक्तों को खीर पूड़ी का प्रसाद बांटा। कार्यक्रम में किशोर निषाद, केवल मरकाम, करण निषाद, भीखम चक्रधारी, इंद्रमन यादव, भोज यादव, संतोष, चेतन चक्रधारी, नंद निषाद, रूपेश चक्रधारी उपस्थित थे।

### रक्तदान कर महिला की बचाई जान



**कोर्रा(भखारा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के सहसेवा प्रमुख मोहनलाल साहू निवासी कोर्रा ने मोंगरागहन डुबान क्षेत्र की एक मातृशक्ति को रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। श्री साहू अब तक अपने जीवन में 30 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। इस अवसर पर श्री साहू ने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि जब भी परिवार या आसपास किसी को रक्त की आवश्यकता हो, तो सबसे पहले परिवार के सदस्यों को आगे आना चाहिए। यदि वहां से व्यवस्था न हो पाए, तो समाज के अन्य लोगों से सहयोग लेना चाहिए। रक्तदान महादान है। आपका दिया हुआ रक्त किसी को नया जीवन दे सकता है।

### भैंसबोड़ में पेंशनरों का सम्मेलन 8 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा का सम्मेलन 8 अप्रैल को 11 बजे से 4 बजे तक भैंसबोड़ (अंवरी) में गंगाप्रसाद साहू के मार्गदर्शन में उनके निज निवास में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान के मुख्य आतिथ्य में होगा। तहसील इकाई भखारा के नये सदस्यों एवं जन्म दिवस वालों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में गीत, कविता, भाषण का समावेश रहेगा।

### निधन

**चंद्रकांत चंद्राकर**



**कुरुद।** ग्राम परसवानी मंदरौद निवासी चन्द्रकांत चन्द्राकर 47 वर्ष का गुरुवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे श्यामलाल चन्द्राकर के पौत्र, चितरंजन चन्द्राकर के पुत्र, श्रीमती लता चन्द्राकर के पति तथा मेघेश चन्द्राकर के पिता थे।

## 55 जोड़ों के सामूहिक विवाह को लेकर हुआ विचार विमर्श

■ सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संवैधानिक विषयों पर भी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

अंगारमोती प्रांगण में ध्रुव गोंड समाज के 55 जोड़ों के सामूहिक विवाह को लेकर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के जिला जिलाध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर का तहसील महासचिव नरेश छेदैहा के निज निवास नगरी में आगमन हुआ। उनके साथ जिला कोषाध्यक्ष शिव नेताम एवं तहसील धमतरी के संचालक शेषनारायण ध्रुव भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समाज से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। धमतरी के अंगारमोती प्रांगण में आयोजित होने वाले 55 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही समाज के आर्थिक, सामाजिक संगठनात्मक एवं संवैधानिक विषयों पर भी महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए। इस दौरान तहसील समाज के समाजिकजनों ने भी समाजहित में अपनी विचार साझा किए साथ ही संगठन की मजबूती,समाज की परांपरिक रुढ़िगत परंपराओं को संरक्षित और भावी योजनाओं पर सहमति व्यक्त की। जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने सामूहिक विवाह समारोह में अधिकाधिक सहभागिता का आग्रह किया। मौके पर तहसील समाज के संरक्षक परसादीराम चंद्रवंशी, तहसील उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोरी, कोषाध्यक्ष सुरेश ध्रुव, महासचिव नरेश छेदैहा, वित्त सचिव मानिक नेताम, सहसचिव पूरन नेताम, अंकेक्षक टीकम गंगेश, पूर्व सचिव माखन ध्रुव, नगरी उपक्षेत्रीय अध्यक्ष कैलाश मरई, डीएस ध्रुव सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित थे।



## हनुमान जन्मोत्सव पर ग्रामीण भक्ति भाव में डूबे रहे

■ मंदिरों में हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पुरूर(धमतरी)

ग्रामीण अंचलों में हनुमान जन्मोत्सव भक्ति एवं श्रद्धा से मनाया गया। हनुमान मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना एवं रामायण पाठ का आयोजन हुआ।

ग्राम चिटौद के पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा, रामायण एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। भंडारण केन्द्र एवं वेयर हाउस व त्रयंम्बकेश्वर मंदिर में भी संकट मोचन हनुमान की पूजा अर्चना कर सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। पुरूर चौक में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पंडित सुरेन्द्र तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर श्रीराम स्तुति एवं हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। महाआरती भी हुई। मौके रवि भारद्वाज, तुलसीराम नागवंशी, हेमंत सिन्हा, राजू चौधरी, तोषण भारद्वाज, राजेन्द्र यादव, भागवत राम, भुवन लाल सेन सहित अनेक ग्रामीण पूजा अर्चना में सम्मिलित हुए।

इसी प्रकार दिनभर पूरे ग्रामीण अंचल के मंदिरों में पूजा-अर्चना हुई और ग्रामीण भक्ति भाव में डूबे रहे।



## खुदुरपानी में मानसगान प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

श्रीराम मानस प्रचार समिति खुदुरपानी में धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मानसगान प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अम्बिका मरकाम थीं। अध्यक्षता सरपंच मुकेश्वरी छेदैहा ने की। विशेष अतिथि भानेन्द्र सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, तामेश्वरी साहू, लगेश मरकाम,तीजू मरकाम रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि रामचरितमानस के माध्यम से समाज में भक्ति, सदाचार, भाईचारा और नैतिक मूल्यों का संदेश मिलता है। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बनाने के साथ-साथ युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। मानसगान प्रतियोगिता में आसपास के विभिन्न ग्रामों से आए मानस मंडलियो ने भाग लिया और भगवान श्रीराम के भजन एवं चौपाइयों का सुंदर प्रस्तुतिकरण



## पीपरछेड़ी में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पुरी

ग्राम पीपरछेड़ी में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। लगभग 30 वर्ष पूर्व यहां एक वानर की मृत्यु के पश्चात ग्रामीणों ने उसे भगवान हनुमान जी का वंशज मानते हुए विधिवत अंतिम संस्कार किया और उसी स्थान को मंदिर स्वरूप देने का संकल्प लिया। तभी से यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना का क्रम जारी है।

ग्रामीणों के सेवा भाव से इस स्थान पर आदर्श बजरंग सेवा समिति का गठन किया गया, जिसके द्वारा हनुमान जी की मूर्ति स्थापना कर मंदिर परिसर में टिन शेड का निर्माण कराया गया। तब से प्रत्येक वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष आयोजन होते आ रहे हैं।

इस वर्ष भी हवन-पूजन, महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रामायण पाठ, पंडवानी, जस-झांकी और अखाड़ा के शौर्य प्रदर्शन जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। वर्तमान में गांव के सनातन धर्म प्रेमी बाल भक्तों द्वारा प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा, भजन-कीर्तन और महाआरती का नियमित आयोजन पिछले तीन वर्षों से किया जा रहा है।



## कंडेल में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पुरी

कंडेल के महावीर चौक में हनुमान प्रकटोत्सव मनाया गया। ग्राम की सुख, समृद्धि और शांति के लिए पूजा-अर्चना की गई। शाम को रामायण पाठ का आयोजन हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष धूमधाम से होता है जो सामाजिक समरसता को बढ़ावा देता है।

## कोलियारी में हुई मां कर्मा की प्राण-प्रतिष्ठा, कलश यात्रा निकली

■ 70 रक्तदान करने वालों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

साहू समाज परिक्षेत्र लिमतरा के तत्वावधान में रविवार को कोलियारी में विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं नवनिर्मित सामाजिक भवन में माता कर्मा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मंदिर प्रांगण में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष तरुण कुमार साहू, उपाध्यक्ष पन्नालाल साहू दवारा ध्वजारोहण किया गया। महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान 70 रक्तदान करने वालों को प्रशस्तिपत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता जिला साहू संघ के गणेशराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि यशवंत सोनकर, गोपाल साहू, संतराम साहू, धनंजय देवांगन, माधवेंद्र हिरवानी, रुक्मणि साहू, जानकी साहू, हेमलता साहू, विजय कांसल, उदेराम थे। डॉ. प्रीति केशरवानी, डॉ. आदित्य सिन्हा तथा डॉ. मुकेश केशरवानी ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरुक होना जरूरी है। अरुण सार्वा, संतराम साहू ने सामाजिक उत्थान के बारे में अपने विचार रखे। गणेश साहू ने अपने तीन विजन अंतरराज्यीय विवाह को रोकना, धर्मांतरण पर पांबदी तथा समाज में बढ़ रहे नशापान को रोकने कार्य शालालगाने पर जोर दिया। सभा को तरुण कुमार साहू, गोपाल साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डोमनलाल साहू ने किया।







हनुमान जयंती पर जिपं अध्यक्ष ने किया शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

## समाज के विकास के लिए सभी की सहभागिता जरूरी : सार्वा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

हनुमान जयंती के अवसर पर ग्राम में भक्ति, आस्था और सामाजिक एकता का अनूठा संगम देखने को मिला। इस अवसर पर रामायण कार्यक्रम हुआ। शीतला माता मंदिर के सामने टिन शेड निर्माण के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना एवं हनुमान की वंदना से हुई, जिसके पश्चात रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि हनुमानजी का जीवन हमें सेवा, समर्पण और निष्ठा की प्रेरणा देता है। जिस प्रकार उन्होंने भगवान श्रीराम के प्रति अटूट आस्था रखी, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव को अपनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के विकास के लिए सामुदायिक सहयोग और सहभागिता आवश्यक है। टिन शेड के निर्माण से गांव में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए एक स्थायी एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा।

ग्रामवासियों ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य गांव के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है। मौके पर ग्राम समिति के संरक्षक शत्रुघन यादव, सरपंच मुकेश्वरी छेदेया, ग्राम समिति अध्यक्ष मानिक राम साहू, बलदाऊ यादव, रामजी यादव, बलराम यादव, पांचो बाई सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पुनूराम राज को मिला साहित्य शिखर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मगरलोड

प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति रायपुर का वार्षिक सम्मेलन गत दिवस महासमुंद में हुआ। समारोह में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, समाजसेवी दाऊलाल चंद्राकर, संदीप दीवान, प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष कान्हा कौशिक, साहित्यकार बंधु राजेश्वर खरे, डॉ अनुसुईया अग्रवाल, श्रीमती सौरिन चंद्रसेन, श्रीमती संध्या शर्मा, संगीतज्ञ हुकुमचंद शर्मा, प्रो राजेश्वरी सोनी, डॉ राजेश मानस, विजय मिश्रा, अमित काशीपुरी कुंदन सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आए साहित्यकारों के मध्य अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार पुनूराम साहू राज को साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारी वीरेंद्र साहू सरल, लालेश्वर सिन्हा, लीलूदास मानिकपुरी, पलटन राम साहू, श्रीमती अनीता गौर भी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### ओमप्रकाश साहू समाज के प्रदेश संगठन सचिव बने

**चारामा।** साहू समाज में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू की अनुशंसा पर बस्तर संभाग के चारामा क्षेत्र के ग्राम गोलकुम्हड़ा निवासी ओमप्रकाश साहू को प्रदेश संगठन सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र सहित पूरे साहू समाज में हर्ष का माहौल है। वे प्रदेश युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला महासचिव जैसे दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। इसके साथ ही कांकेर जिले से अन्य प्रमुख व्यक्तियों को भी प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान मिला है। इनमें पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू एवं जिला साहू समाज के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन साहू शामिल हैं।

### दुर्गूकोंदल ब्लॉक अध्यक्ष विजय बने

**दुर्गुकोंदल।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के संगठनात्मक विस्तार को मजबूती देते हुए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। समाज की आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से विजय पटेल को दुर्गुकोंदल ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने कहा कि विजय पटेल के नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समाज के अधिकारों, समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा और समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाएगी।

### 94 शिक्षकों की पदोन्नति सूची जारी और 106 की सूची शीघ्र

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के सतत एवं संघर्षपूर्ण प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। लंबे समय से लंबित पदोन्नति की मांग को लेकर किए जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप 94 शिक्षकों की पदोन्नति सूची जारी कर दी गई है और साथ ही विभाग द्वारा 106 अतिरिक्त पदों पर भी शीघ्र पदोन्नति सूची जारी करने की बात कही गई है, जिससे शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। फेडरेशन द्वारा लगातार शासन-प्रशासन के समक्ष शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाता रहा है। इसी का परिणाम है कि वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे शिक्षकों को अब राहत मिलनी शुरू हो गई है। यह निर्णय न केवल शिक्षकों के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को भी और अधिक सुदृढ़ बनाएगा।
जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची ने बताया कि यह उपलब्धि संगठन के निरंतर प्रयास, एकजुटता और संघर्ष का परिणाम है।

## जसगीत सम्राट दुकालू यादव की प्रस्तुति से सजी भक्ति संध्या

# हनुमंत धाम रूद्री में लगा आस्था का मेला





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मां कुष्माण्डा देवी दक्षिणमुखी हनुमंत धाम रूद्री स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी संदीप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5 बजे भगवान हनुमान जी के अभिषेक के साथ हुई। इसके पश्चात सुबह 7 से 8 बजे तक विधिवत हवन-पूजन एवं आरती का आयोजन किया गया। सुबह 8 बजे से प्रसाद वितरण प्रारंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शाम 4 बजे रूद्री तालाब स्थित हनुमान मंदिर से भव्य पालकी एवं कलश यात्रा निकाली गई, जो आकर्षक झांकियों, भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच नगर भ्रमण करते हुए शाम 6:30 बजे दक्षिणमुखी हनुमान धाम पहुंची। इसके पश्चात शाम 7 बजे आयोजित महाआरती में हनुमानजी के साथ शनिदेव, मां कुष्माण्डा देवी एवं भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की गई। रात्रि में आयोजित भक्ति संध्या कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध जसगीत गायक दुकालू यादव की प्रस्तुति रही। रात 9:20 बजे से शुरू हुए उनके कार्यक्रम में "मोर गांव के शीतला दाई", "बजरंग बली बजरंग बली", "दाई वो दाई तोला खोजत हों", "दाई बिलाई माता विंध्यवासिनी" जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक नीलकंठ टेकाम, महापौर रामू रोहरा, डेनिश चंद्राकर, मेघराज ठाकुर, महेंद्र खंडेलवाल, कोमल संभाकर, शुभम जायसवाल, गौरव मगर, शुभांक मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य अमित मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन आरएन ध्रुव ने किया, जबकि संयोजन की जिम्मेदारी संदीप सिंह ने संभाली।



### हनुमान जी के जीवन से समर्पण एवं भक्ति की प्रेरणा मिलती है

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि भगवान बजरंगबली भक्तों के कष्टों का निवारण करने वाले हैं और उनके जीवन से सेवा, समर्पण एवं भक्ति की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि राम को पाना है तो हनुमान को अपनाना होगा होगा। उन्होंने सभी से सनातन धर्म के व्रत-त्योहारों को श्रद्धा से पालन करने का आह्वान किया।

### इंजीनियरिंग कॉलेज की मांग

प्रशासनिक अधिकारी संदीप सिंह ने मंत्री से मांग की कि क्षेत्र के बच्चों के लिए पॉलीटेक्निक के साथ-साथ इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की जाए ताकि अंचल के बच्चों को पढ़ाई की सुविधा इस जिले में मिल सके। पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत न पड़े। यह मांग काफी पुरानी है। अन्य अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन में भक्ति और संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला।

### राम मंदिर निर्माण की घोषणा

इस दौरान संदीप सिंह के नेतृत्व में राम मंदिर निर्माण की घोषणा भी की गई, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का माहौल और अधिक प्रबल हो गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

## जीव रक्षा समिति का बड़ा आरोप : गौमाता की हत्या का रास्ता बन रहा मवेशी बाजार

# मुसुरपुट्टा मवेशी बाजार बना गौवंश तस्करी का गढ़



- बंद कराने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गौवंश के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार के खिलाफ अब क्षेत्र में जनाक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। विकासखंड नरहरपुर के ग्राम मुसुरपुट्टा में संचालित साप्ताहिक मवेशी बाजार को लेकर श्री श्रृंगी ऋषि गौशाला जीवरक्षा सेवा समिति पंडरीपानी नगरी ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए इसे तत्काल बंद कराने की मांग की है। इस संबंध में समिति ने कांकेर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ।

समितियों ने बताया कि मुसुरपुट्टा का यह मवेशी बाजार अब सामान्य व्यापारिक गतिविधि न रहकर गौवंश तस्करी का प्रमुख अड्डा बन चुका है। यहां बड़ी संख्या में बूढ़े, बीमार और कमजोर मवेशियों की खरीद-फरोख्त होती है, जिन्हें बाद में ओडिशा के नवांगर क्षेत्र के कत्लखानों में भेज दिया जाता है।

### आंदोलन की चेतावनी

समिति ने कलेक्टर से जनहित और जीव रक्षा के लिए इस बाजार को तत्काल बंद करने की मांग की है। ज्ञापन में अध्यक्ष प्रिंस गोलछा, कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी, सचिव श्रीमती अनीता जैन सहित कई पदाधिकारियों एवं हिंदू संगठनों के सदस्यों के नाम शामिल हैं। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा। 1 अप्रैल 2026 को प्रशासन को यह शिकायत प्राप्त हो चुकी है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस अत्यंत संवेदनशील और जनभावनाओं से जुड़े मुद्दे पर कितनी गंभीरता और तत्परता दिखाता है।

### जंगल मार्ग से अवैध परिवहन

समिति ने यह भी आरोप लगाया है कि सिहावा क्षेत्र से बोराई के जंगल मार्ग का उपयोग कर मवेशियों को अवैध रूप से ओडिशा पहुंचाया जा रहा है। इस प्रक्रिया में पशु क्रूरता, अवैध परिवहन और तस्करी जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं।

### नीलामी प्रक्रिया पर भी उठे सवाल

हाल ही में ग्राम पंचायत मुसुरपुट्टा द्वारा इस मवेशी बाजार की नीलामी के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया, जिस पर समिति ने कड़ी आपत्ति जताई है। समिति का कहना है कि इस प्रकार की प्रक्रिया संवेदनहीनता का परिचायक है और इसे तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

## कोर्रा में किसानों को उड़द बीज का वितरण

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत कोर्रा में गुरुवार को आत्मनिर्भर दलहन मिशन योजना के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन उड़द बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम पूर्व सरपंच चोवाराम साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान क्षेत्र के किसानों को उन्नत किस्म के उड़द बीज वितरित कर उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव का रुद्री चौक में आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह का पारिवारिक कार्यक्रम के सिलसिले में गंगरेल आगमन हुआ। इस दौरान भाजपा मंडल गंगरेल के ग्राम रुद्री में मंडल अध्यक्ष मोनिका देवांगन के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

स्वागत के पश्चात किरण सिंह देव ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन की गतिविधियों एवं क्षेत्रीय विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष गंगरेल में विराजमान मां अंगारमोती दाई के मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू, महापौर रामू रोहरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, प्रीतेश गांधी, महेंद्र पंडित, राकेश साहू, हेमंत चंद्राकर, ऋषभ देवांगन, मिश्रीलाल पटेल ,पवन गजपाल, दिग्विजय सिंह कृदत्त, शुभम जायसवाल, अनीता ध्रुव, अनीता यादव, प्रियंका सिन्हा, राजीव सिन्हा, पवित्रा दीवान, नीतू त्रिवेदी, संतोष सोनकर, अनीता वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्रीराम को पाने करनी पड़ेगी हनुमान की भक्ति : कविता



- बिरेतरा में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुईं जिपं सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मानस शक्ति केंद्र गुजरा के तत्वावधान में हनुमान जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिपं सदस्य कविता योगेश बाबर ने प्रभु श्रीराम एवं हनुमानजी के तैलचित्र की पूजा कर कहा कि प्रभु श्रीराम को यदि पाना है तो हनुमानजी की भक्ति करनी पड़ेगी। प्रभु श्रीराम तक पहुंचने का मार्ग हनुमान जी से प्राप्त होगा। हनुमान जी ने अपना जीवनकाल प्रभु श्रीराम की अनन्य भक्ति करते हुए व्यतीत किया। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से जाने जाते हैं। वे एक राजा होते हुए भी अपना जीवन अपने पिता के वचन का पालन करने में व्यतीत किया तभी वह मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए। वर्तमान में मानव समाज को भगवान राम के जीवन चरित्र से शिक्षा लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गोविंद साहू ने कहा कि हनुमान जी बल व बुद्धि के देवता हैं। मनुष्य को उनके संकटकाल से मुक्त करते हैं। सरपंच धनेश्वरी ध्रुव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर मानस शक्ति केंद्र गुजरा के पदाधिकारी देवराम साहू, जेठूराम साहू, राजेश कैसाल समेत महिला कमांडो की टीम व ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के बलिदान को किया स्मरण

- सुंदरगंज मेनोनाईट चर्च में क्रिश्चियन समाज ने की विशेष आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





गुड फ्राइडे के अवसर पर शुक्रवार को सुंदरगंज मेनोनाईट चर्च में क्रिश्चियन समाज द्वारा प्रभु यीशु मसीह के बलिदान की स्मृति में विशेष आराधना का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे चर्च परिसर में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण की अनुभूति हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत आराधना की पुकार और प्रारंभिक प्रार्थना से हुई, जिसके बाद क्वायर दल द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। रेव्ह आशीष मिलाप ने कलिशियाई प्रार्थना कराते हुए सभी को प्रभु के संदेशों से जोड़ा। शास्त्र पाठ की विभिन्न वाणियों में मितेश बेथे, मार्विन चरण, प्रणय लाल, नीरज नेताम, सरिता असाई, स्वप्निल सोनवानी और राहुल चौधरी ने भागीदारी निभाई।

रेव्ह डॉ. शिवराज महेन्द्रा ने अपने संदेश में प्रभु यीशु के त्याग, प्रेम और मानवता के लिए उनके बलिदान का मार्मिक वर्णन किया। विशेष गीतों की प्रस्तुति सेवक आरजे साइमन्स और करिश्मा मिलाप द्वारा दी गई। भेंट अर्पण की प्रार्थना सेवक अनिल राघवा ने कराई। कार्यक्रम का समापन रेव्ह दीपक मसीह द्वारा अंतिम प्रार्थना और आशीष वचन के साथ हुआ।

इस अवसर पर रेव्ह आशीष मिलाप, रेव्ह शिवराज महेन्द्रा, रेव्ह दीपक मसीह, आरजे साइमन, एससी क्रिस्टी, किरण विलियम, अनिल राघवा, अर्चना नेताम, थेलमा महतो, सैलजा सोनवानी, डॉ. नीरज नेताम, अनुराग मसीह सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# टेट के खिलाफ जंग, जिले के शिक्षक दिल्ली रवाना




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

टेट के विरोध में देशव्यापी महाआंदोलन को लेकर धमतरी जिले से शिक्षकों का एक जत्था दिल्ली के रामलीला मैदान के लिए रवाना हुआ। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनरतले आयोजित इस ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह और जुनून देखने को मिला। दूसरा जत्था भी रवाना होगा।

दिल्ली चलो -हक लेकर रहेंगे के नारों के साथ निकले इस जत्थे ने संदेश दिया कि अब शिक्षक अपने अधिकारों के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। इस ऐतिहासिक आंदोलन में धमतरी जिले से सैकड़ों शिक्षक शामिल होंगे।

# सिर्री में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे गांव में भक्ति का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह विशेष पूजा-अर्चना और हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी की प्रतिमा पर फूल-माला चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। शाम को मंदिर परिसर में




भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर ग्राम के बुजुर्गों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सहयोग प्रदान किया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर प्रसादी का वितरण

**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन वार्ड नंबर 10 में रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान चालीसा से हुआ। हवन पूजन के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।



कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू, हेमंत माला साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, ऋषभ ठाकुर, बालमुकुंद साहू, हरिराम कुंभकार, निर्मल कुंभकार, रेखू कुंभकार, महेश कुंभकार, ओ प्रकाश कुंभकार, जितेंद्र कुंभकार दिनेश कुंभकार, राम कुंभकार, डोमन कुंभकार समेत अन्य उपस्थित थे।


स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
19 मई, 02 जून, 28 जुलाई, 11 अगस्त, 08 सितम्बर, 29 सितम्बर 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
नोट :- स्पेशल ट्रेन में त्रिवेंद्रम पद्मानाभ स्वामी नहीं रहेगा।
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411


#### रोज़ाना 22 टन कचरे के वैज्ञानिक निपटान के लिए 7 करोड़ की योजना

# हाईटेक कचरा प्रबंधन से बदलेगी शहर की तस्वीर

**धमतरी।** स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के बीच नगर निगम ने शहर में निकलने वाले रोज़ाना करीब 22 टन कचरे के वैज्ञानिक और हाईटेक निपटान की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। निगम द्वारा आधुनिक तकनीकों और संसाधनों के बेहतर उपयोग से कचरा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है।

सोरिद स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में कचरे के सुव्यवस्थित निपटान के लिए पहले से स्थापित मशीनों का उपयोग बढ़ाया जा रहा है। साथ ही कचरे के दबाव को कम करने के लिए शहर के 9 मणिकंचन केंद्रों में अत्याधुनिक मशीनें लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। योजना के तहत गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण एवं निपटान के लिए अलग-अलग मशीनें स्थापित की जाएंगी, जिससे कचरे का स्थानीय स्तर पर ही प्रभावी प्रबंधन संभव हो सकेगा।

नगर निगम के अनुसार इस परियोजना में लगभग



4.75 करोड़ रुपए मशीन स्थापना और 2.25 करोड़ रुपए बुनियादी ढांचे के विकास पर खर्च किए जाएंगे। डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा गया है और स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर कार्य को गति दी जाएगी।

शहर के विभिन्न वार्डों जालमपुर, बठेना, नवागांव, हटकेशर और विंध्यवासिनी सहित अन्य क्षेत्रों में संचालित मणिकंचन केंद्रों में स्वच्छता दीदियों द्वारा घर-घर से कचरा संग्रहण कर उसका पृथक्करण किया जा रहा है। नई व्यवस्था लागू होने से ट्रेंचिंग ग्राउंड पर निर्भरता कम होगी और कचरे के ढेर को नियंत्रित किया जा सकेगा।

नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सभापति निलेश लूनिया ने बताया कि आने वाले समय में कचरा प्रबंधन पूरी तरह आधुनिक और व्यवस्थित होगा। पांच वर्षों के लिए अनुभवी एजेंसी का चयन कर कचरा निपटान की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जिससे शहरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा।

निगम के पास कचरा उठाव के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं, जिनमें 80 रिक्शा, जेसीबी, टिप्पर, ट्रैक्टर और टाटा मैजिक वाहन शामिल हैं। लगभग 300 से अधिक कर्मचारियों की टीम शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में जुटी हुई है।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020